आईआईएम पब्लिक लीडरशिप प्रोग्राम के लिए सीएम को न्योता

नवभारत ब्यूरो। रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) रायपुर के निदेशक रामकुमार काकानी ने गुरुवार को मुलाकात कर 22 व 23 मार्च को आयोजित दो दिवसीय पब्लिक लीडरशिप प्रोग्राम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने इस निमंत्रण के लिए आभार व्यक्त किया और इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर प्रो. संजीव पाराशर भी उपस्थित रहे। श्री काकानी ने बताया कि यह विशेष कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के विधायकों के लिए डिजाइन किया गया है, जिसका उद्देश्य समकालीन प्रबंधन और नीति निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श को बढ़ावा देना है। इस मंच पर प्रख्यात नीति निर्माता, शिक्षाविद और विचारक एकत्र होंगे, ताकि विभिन्न विषयों पर सहयोगात्मक सोच और समस्याओं के व्यावहारिक समाधान की प्रक्रिया के संबंध में सारगर्भित विचार-विमर्श किया जा सके।

Navabharat (Rajdhani), 21st March, 2025, P.03